दुर्घटना परियट नदी के समीप पिटकुही में हुआ दर्दनाक हादसा, ससुर, दामाद, नाती की मौत

बाइक को टक्कर मार पलटी ऑटो, तीन की मौत

जबलपुर। कुंडम थाना अंतर्गत परियट नदी के पास ग्राम पिटकुही कुंडम रोड पर रविवार को बेलगाम लोडिंग ऑटो बाइक को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में बाइक सवार एक ही परिवार के तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में ससुर, दामाद, नाती शामिल है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आ रही है कि परिवार गंगाजली कार्यक्रम में शामिल होने बघराजी से डुंगरिया जा रहा था तभी वह हादसे का शिकार हो गये। पुलिस के मुताबिक रविवार को जगत सिंह परस्ते 33 वर्ष निवासी बदरिया जमुनिया चौकी बघराजी कुण्डम ने सूचना दी कि दोपहर 12-45 बजे छोटेलाल परस्ते, राहुल सिंह परस्ते एवं संतर सिंह मरावी एक मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 20 जेड एस 1936 से बदरिया से गंगाजली कार्यक्रम में शामिल होने गंगई पडरिया जा रहे थे परियट नदी मोड के पास ग्राम पिटकुही पहुंचे तभी तिलसानी की ओर से आ रहे एक लोडिंग आटो के चालक ने तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये तीनों की मोटर सायकिल में टक्कर मार दी जिससे तीनों गिर पडे तीनो के सिर हाथ पैर शरीर में चोटें आ गयी जिन्हें शासकीय अस्पताल कुण्डम ले जाया गया जहां डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत तीनों को मृत घोषित कर दिया।

इनकी हुई मौत

लोडिंग आटो की टक्कर से मोटर सायकिल चालक छोटेलाल परस्ते 60 वर्ष, राहुल सिह परस्ते 22 वर्ष दोनों निवासी बदरिया जमुनिया एवं संतर सिंह मरावी 33 वर्ष निवासी ठरहर पनागर की मौत हुई है।

तिलगवां मोड पर कार ने रौंदा, दो की मौत

पाटन थाना अंतर्गत तिलगवॉ मोड के पास रविवार सुबह बेलगाम कार ने मोटर सायकिल सवार युवकों को रौंद दिया। टक्कर इतनी जोरदार रही कि हादसे में दोनों युवकों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मोहन गौड ने बताया कि वह तिलगवॉ मोड स्थित नेमा जी के खेत मे सपरिवार रहता है। रविवार सुबह 7-30 बजे वह टीन शेड के बाहर खेत के सामने पहुंचा तो देखा कि रोड किनारे थोडी थोडी दूरी पर 2 अज्ञात युवक मृत पड़े थे दोनों के शरीर पर काफी चोटे थी।, आसपास वाहन के क्षतिग्रस्त हुये टुकडे पडे थे। कुछ दूर स्थित झाडी के पास एक मोटटर सायकिल क्षतिग्रस्त हालत में पडी थी। अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों अज्ञात व्यक्तियो जिनकी उम्र 25-30 वर्ष होगी की मौत हो गयी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पीएम के लिए भिजवाते हुये अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पाटन एसडीओपी लोकेश डाबर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि कार चालक ने वाहन को लापरवाही पूर्वक एवं तेज रफ्तार में चलाते हुए टक्कर मारी है। जिसके चलते युवकों की मौत हुई है। मृतकों की शिनाख्तगी के प्रयास किए जा रहे है।

मक्का किसानों में भारी नाराज़गी

नवभारत,जबलपुर। मध्यप्रदेश में इस वर्ष मक्का की भरपूर पैदावार के बावजूद किसानों को मंडियों में औसतन 1200 से 1500 रुपये प्रति क्विंटल का ही भाव मिल रहा है, जबकि सरकार द्वारा समर्थन मूल्य 2400 रुपये तय किया गया है। इस भारी अंतर से किसान बेहद परेशान और आक्रोशित हैं। भारत कृषक समाज (महाकौशल) के अध्यक्ष के.के. अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर आरोप लगाया कि व्यापारियों की मिलीभगत से मंडियों में भाव गिराए जा रहे हैं और किसान घाटे में फसल बेचने को मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि लागत भी न निकलने से हालात गंभीर हैं और कई स्थानों पर किसान धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर हो रहे हैं। पत्र में मुख्यमंत्री से मक्का की खरीद समर्थन मूल्य पर सुनिश्चित करने और इस संबंध में तत्काल कदम उठाने की मांग की गई है। इसकी प्रतिलिपि मुख्य सचिव, कमिश्नर, कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों को भी भेजी गई है।

वाटर हीटर रॉड में भड़की आग, गैस सिलेंडर में हुआ जबर्दस्त ब्लास्ट



घर का सारा सामान जलकर खाक

शहपुरा की रेलवे कॉलोनी में भीषण अग्निहादसा

नवभारत,जबलपुर। शहपुरा की रेलवे कॉलोनी में रविवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब जबर्दस्त धमाके के साथ श्रीवास्तव परिवार के घर पर आग भड़क उठी। गनीमत रही कि हादसा जब घटित हुआ उस वक्त घर पर कोई मौजूद नहीं था सभी घर के बाहर ठंड में धूप सेंक रहे थे। अग्नि हादसे में लाखों का सामान जलकर खाक हो गया है लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई है। इस दौरान एक कार भी अग्नि हादसे का शिकार हुई है। जानकारी के अनुसार रेलवे कॉलोनी शहपुरा निवासी बेटू श्रीवास्तव के घर पर रविवार को उनकी बेटी ने पानी गरम करने वाली रॉड चालू करके घर के बाहर चली गई जिसे वह बंद करना भूल गई। इस दौरान गर्म ज्यादा होने के बाद पानी की रॉड में ब्लास्ट के साथ आग लग गई। ये आग इतनी तेज थी कि घर रॉड से कुछ ही दूरी पर रखे भरे गैस सिलेंडर तक जा पहुंची जिसके बाद दूसरा जबर्दस्त ब्लास्ट हुआ और फिर भीषण अग्निकांड में घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने नवभारत को बताया कि जब अग्निकांड हुआ उस वक्त घर के सदस्य घर के बाहर थे इस कारण कोई भी अग्नि हादसे का शिकार नहीं हो पाया। वहीं घर की बच्ची ने सभी को बताया कि वो वाटर हीटर रॉड के स्विच को चालू करके उसे बंद करना भूल गई थी जिस कारण रॉड में ब्लास्ट हुआ और फिर ये आग सिलेंडर तक जा पहुंची।

कन्वेयर पुल्ली में जाने से कट गया था हॉपर आपरेटर का हाथ

जखोदिया मिनरल्स प्लांट प्रबंधक, शिफ्ट इंचार्ज पर दर्ज हुई एफआईआर

जबलपुर। गोसलपुर थाना अंतर्गत ग्राम धमकी जखोदिया मिनरल्स प्लांट में हॉपर मशीन के बेस फ्लोर पर 6 फीट पानी भरा होने और बिना सुरक्षा इंतजाम के हॉपर ऑपरेटर से काम कराया जिसके चलते उसका पैर स्लिप होने से उसका दाहिना हाथ कन्वेयर पुल्ली में जाने से कट गया था। इस मामले में पुलिस ने जांच के बाद प्लांट प्रबंधक, शिफ्ट इंचार्ज के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस के मुताबिक अविनाश तिवारी निवासी बरनू तिराह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह किराये से अपने परिवार के साथ रहता है। करीब दो साल से जखोदिया मिनरल्स प्लांट ग्राम धमकी में हॉपर आपरेटर का काम कर रहा है। 27 अक्टूबर 25 को दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक उसकी ड्यूटी थी शिफ्ट इंचार्ज सौरभ उपाध्याय बोले कि कनवेयर में लगे हुए टेल पुल्ली को चेक करो तब वह उनसे बोला की बेस फ्लोर में पानी भरा हुआ है कहीं कोई हादसा न हो जाये इसके बावजूद भी शिफ्ट इंचार्ज सौरभ उपाध्याय के द्वारा बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के बेस फ्लोर पर भेजा गया उनके कहने पर हॉपर के बेस फ्लोर पर गया तो वहा नीचे 5-6 फीट पानी भरा हुआ था जिससे उसका पैर स्लिप हो गया और वह गिर गया जिससे उसका दाहिना हाथ कन्वेयर पुल्ली में चला गया और दाहिना हाथ कट गया। उसकी आवाज सुनकर प्लांट में काम करने वाले केवट, किशन पुरी गोस्वामी आ गये जिन्होंने हॉपर मशीन को बंद किया और बाद बीसी 1 कनवेयर को बंद करवाया था फिर प्लांट में काम करने वाले लोगों ने जाली काटकर उसे बाहर निकाले थे। इसके बाद उसके भाई अभिषेक तिवारी को सूचना दिये जब भाई मौके पर आया तब उसके ईलाज के लिये जबलपुर निजी अस्पताल लेकर गया जहां इलाज हुआ इसके बाद हाथ का आपरेशन निजी अस्पताल में हुआ। उसका दाहिना हाथ पूरी तरह से कट गया। आगे के ईलाज के लिये जखोदिया मिनरल्स माईंस के मालिक शशांक जखोदिया एवं प्लांट के हेड सौरभ अग्रवाल से बोला जिन्होंने ईलाज कराने एवं मदद करने के लिये मना कर दिया ईलाज कराने के बाद ईलाज के दस्तावेज लेकर 22 नवम्बर 2025 को वह थाने रिपोर्ट करने पहुंचा। जिसके बाद पुलिस ने देर रात प्रकरण दर्ज कर लिया है।

रैलिंग से टकराया डंपर सड़क पर बिखरा ऑइल

नवभारत,जबलपुर। पुल नंबर 2 के पास रविवार दोपहर को उस वक्त हड़कंप मच गया जब तेज रफ्तार गिट्टी से भरा डंपर अनियंत्रित होकर पुल की रैलिंग से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि वाहन में रखा पूरा ऑइल से भरा ड्रम सड़क पर गिर गया। इस कारण करीब पौन घंटे यातायात बाधित रहा और पुल पर लंबा जाम लग गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने नवभारत को बताया कि डम्पर का चालक लापरवाहीपूर्वक वाहन चला रहा था जिसके वाहन में नंबर प्लेट भी नहीं थी। गनीमत रही कि उस समय पुल से पैदल यात्री नहीं गुजर रहे थे, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना मिलने के बाद करीब आधे घंटे बाद पुलिस और ट्रैफिक दल मौके पर पहुँचे। क्रेन की मदद से ड्रम को हटाया गया और सड़क पर गिरे ऑइल को हटाया, ताकि वाहन फिसलने की स्थिति न बने।

टावर वैन पटरी से उतरी

हावड़ा मेल सहित कई ट्रेनें घंटों लेट

जबलपुर, नवभारत। रविवार सुबह पमरे के भोपाल मंडल अंतर्गत हरदा डबल रेल फाटक पर तकरीबन 7.30 बजे बैगनी टॉवर वैन पटरी से उतर गई। जिससे कारण मुंबई से इटारसी होकर जबलपुर व भोपाल की ओर जाने वाली सभी ट्रेनें प्रभावित हो गई। बता दे कि हरदा में दो ही लाइन हैं। वैन के पटरी से उतरते ही डाउन ट्रैक पर रेल यातायात बाधित हो गया है। मालूम हो कि यह रूट मुंबई और दिल्ली के साथ बंगाल और बिहार को भी जोड़ता है। रविवार को हुए इस हादसे के कारण ट्रेनें घंटों लेट चल रही थी। घटना के बाद खबर लिखे जाने तक गाड़ी संख्या 12322 मुंबई हावड़ा मेल 8 घंटा 20 मिनट, 12149 पुणे-दानापुर 6 घंटा, 12141 एलटीटी-दानापुर पाटलीपुत्र एक्सप्रेस 6.30 घंटा, 12167 मुंबई-बनारस सुपरफास्ट 6 घंटा 30 मिनट, 22177 मुंबई-वाराणसी महानगरी एक्सप्रेस 6 घंटा 20 मिनट विलंब से जबलपुर पहुंचने की संभावना जताई जा रही थी। ट्रेनों की लेटलतीफी के चलते जबलपुर स्टेशन पर यात्री परेशान होते नजर आये, वे लगातार ट्रेनों के आगमन की जानकारी पता करते रहे। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार रेलवे की टीम लगभग 5 से 6 घंटे सुधार कार्य में जुटी रही।

नवभारत
आवश्यकता है
देश के अनेक स्थानों से प्रकाशित नवभारत समाचार पत्र समूह के जबलपुर संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है।
एकाउंटेंट :- (5 वर्षों के अनुभवी को प्राथमिकता)
बिलिंग ऑपरेटर :- (एमआईएस)
महिला + पुरुष रिपोर्टर :- (2 वर्ष के अनुभवी को प्राथमिकता)
कंप्यूटर ऑपरेटर :- (कोरल ड्रा अनिवार्य)
कार्यालय-नवभारत प्रेस, चौथापुल, महर्षि स्कूल के सामने, जबलपुर
संपर्क करें :- 9752721239, 8305852507
(दोपहर - 12 से शाम 8 बजे तक)
E mail - navbharatjabalpur@gmail.com

भवन निर्माण
₹ 1500/- वर्गफुट कंस्ट्रक्शन
माड्यूलर किचिन लेटबाथ स्टील रेलिंग बिजली पानी, मटेरियल सहित, कम्पलीट वर्क
संपर्क करे
कमलेश पटेल- मो.नं. 6260334877

श्वान ने कॉलेज छात्र को काटा मालिक पर प्रकरण दर्ज

जबलपुर। अधारताल थाना अंतर्गत श्रीराम चौक में श्वान ने कॉलेज छात्र पर अटैक करते हुए काट लिया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर श्वान मालिक पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक शिवांश दुबे निवासी श्रीरामचौक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक की पढाई कर रहा है। शनिवार रात करीब 8:30 बजे गुप्ता बेकरी से सामान लेकर वापस अपने घर आ रहा था जैसे ही घर के पास पहुंचा वहाँ पर गौरीशंकर ठाकुर अपना पालतू कुत्ता घुमाते हुए खुला छोड़ दिया तो गौरीशंकर के कुत्ते ने दौड़कर उसके पैर में काट लिया जिससे उसके दो दांत उसके शरीर पर गड़ गए। इसके बाद गौरीशंकर ठाकुर और उनका पालतू कुत्ता वहाँ से चले गए इसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए।

युवक की डिकम्पोज लाश मिली

जबलपुर। माढ़ोताल थाना अंतर्गत कटंगी बाईपास में एक युवक की डिकम्पोज लाश पड़ी मिली। मृतक कौन है और कहां का रहने वाला है उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक राजेन्द्र लाल मल्लाह 45 वर्ष निवासी आईटीआई माढोताल ने सूचना दिया कि रविवार सुबह 9 बज कटंगी बाईपास स्थित निजी अस्पताल के पास स्थित नाले के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति मृत अवस्था में पडा है शव डिकम्पोज हो चुका है। अज्ञात मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास जारी है।

ट्रेन से कटे बुजुर्ग की मौत

जबलपुर। मदनमहल थाना अंतर्गत शास्त्री ब्रिज के नीचे ट्रेन से कटने से बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मदनमहल रेल्वे स्टेशन से होरीलाल बाल्मीक 60 वर्ष ने सूचना दी कि रविवार सुबह लगभग 8 बजे शास्त्री ब्रिज के नीचे ट्रेन से टकराने से एक वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास किये गये जिस पर मृतक की शिनाख्त बेनी प्रसाद मलिक 84 वर्ष निवासी अहीर मोहल्ला गोरखपुर के रूप में हुई।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57